प्रभात खबर

25 लीटर स्प्रिट के साथ खाली बोतल व ढक्कन जब्त, कारोबारी गिरफ्तार

गोड्डा के उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर लोस चुनाव को देखते हुए उत्पाद पुलिस ने मंगलवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गायछांद के साबेजोडा गांव में छापेमारी कर नकली शराब बनाने का उपकरण जब्त किया है. उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निलेश सिन्हा ने इस मामले में संलिप्त कारोबारी उज्ज्वल मंडल को गिरफ्तार भी कर लिया. गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस के अनुसार उज्ज्वल मंडल बहुत पहले से इस प्रकार के कारोबार में संलिप्त है. पहले भी छापेमारी की गयी थी जिसमें फरार चल रहा था. श्री सिंहा ने बताया कि छापेमारी में अभियुक्त के घर में रखा तकरीबन 25 लीटर स्पिरिट जब्त किया गया है. साथ ही नकली शराब बनाने का समान ढक्कन, बोतल, व भारी मात्रा में स्टीकर जब्त किया गया है. इसके साथ ही नकली शराब में प्रयुक्त होने वाला तकरीबन एक लीटर केैरामल भी पुलिस को हाथ लगा है. उत्पाद दारोगा ने बताया कि इससे तकरीबन 250 से अधिक नकली शराब की बोतलें तैयार की जा सकती थी. कारोबारी द्वारा कई नामी-गिरामी कंपनी का नकली शराब तैयार करने की योजना थी. साथ ही चुनाव आदि में खपाने की योजना भी थी, जिसके पहले भंडाफोड़ कर दिया गया है. .... सालो भर गायछांद, साबेजोड़ा व हरियारी में बनता है शराब सभी को मालूम है कि गोड्डा के गायछांद का साबेजोड़ा व पोड़ैयाहाट का हरियारी आदि इलाका नकली शराब बनाने व अवैध शराब कारोबा को लेकर चर्चित है. सालों भर इस प्रकार की गतिविधियां वहां संचालित होती है. बड़े पैमाने पर साबेजोड़ा में देशी शराब बनाया जाता है तथा आसपास के हाट या बिहार आदि में भी खपाया जाता है. हरियारी भी नकली शराब व अवैध शराब के कारोबार का गढ़ है. कई बार बड़ी कार्रवाई इन जगहों पर हो चुकी है. लेकिन सवाल यह उठता है कि यह कार्रवाई केवल चुनाव अथवा पूजा त्याेहारों में ही क्यों होती है. इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि सालो भर इस प्रकार की गतिविधियों को संचालित करने की छूट कारोबारियों को मिली रहती है. बीच-बीच में कार्रवाई कर आइ वाॅश किया जाता है. चुनाव के दौरान संबंधित विभाग व पुलिस इस मामले में रेस है. ऐसे में खोज-खोज कर कार्रवाई की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/godda/fake-liquor-making-equipment-seized